षोडश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-29.11.2017 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री सुदामा प्रसाद, स०वि०स० श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स० श्री फराज फातमी, स०वि०स० श्री विजय् शंकर दूबे, स०वि०स० श्री फैसल रहमान, स०वि०स० श्री शिवचन्द्र राम, स०वि०स० श्री राहुल तिवारी, स०वि०स० श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, स०वि०स० श्री मो० नवाज आलम, स०वि०स० श्री रामदेव राय, स०वि०स०	"15 नवम्बर से धान खरीद की सरकारी घोषणा के बावजूद धान क्रय केन्द्रों पर ताले लटक रहे हैं । रब्बी की बुआई के लिए जरूरतमंद किसान औने-पौने दाम पर बिचौलियों के हाथों अपना धान बेचने को मजबूर हैं । अतएव किसानों को धान का समर्थन व प्रोत्साहन मूल्य कम से कम 3200 रू० प्रति क्विंटल देने, कागजात एवं धान में नमी की अनिवार्यता को समाप्त कर रैय्यत किसानों से 250 क्विंटल व बटाईदार किसानों से 100 क्विंटल धान खरीदने तथा बटाईदार किसानों को पहचान पत्र देने (ताकि इन्हें भी डीजल सब्सिडी, फसल क्षति मुआवजा, बैंक में के०सी०सी०, क्रय केन्द्रों पर फसल बिक्री सहित कृषि क्षेत्र का सभी लाभ मिल सके) के लिए हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	सहकारिता

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री मिथिलेश तिवारी, स०वि०स० श्री संजीव चौरसिया, स०वि०स०	''बिहार सरकार के सात निश्चयों में से प्रमुख ''हर घर में नल से जल'' कार्य में लगे लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के करीब तीस वर्षों से भी अधिक से लगातार दैनिकपुस्त कर्मियों का नियमितिकरण अभी तक नहीं हो पाया है जबकि मंत्री परिषद से स्वीकृत रिक्त पद 444 बचे हुए है और कर्मी 224 ही बचे हैं । ये सभी कर्मी कार्मिक विभाग के ''कट अफडेट'' 11.12.90 के पूर्व से कार्यरत हैं । यह विभाग जिस कार्मिक विभाग के पत्रांक-639, दिनांक-20.03.2006 को नियमितिकरण में बाधा समझ रहा है उस पर कार्मिक विभाग लिख चुका है कि ये कर्मी इस पत्र से अच्छादित नहीं होते हैं । अत: 30 वर्षों से लगातार कार्यरत दैनिकपुस्त कर्मियों की सेवा नियमित करते हुए लम्बित वेतन भुगतान अविलम्ब करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-31/17-6799-6812 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 नवम्बर, 2017 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के माननीय सदस्यगण / माननीय मुख्यमंत्री / माननीय उप मुख्यमंत्री / माननीय मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय, पटना / संसदीय कार्य विभाग / सहकारिता विभाग तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रदीप कुमार राय 28.11.2017
(प्रदीप कुमार राय)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-31/17-6799-6812/ वि०स०, पटना, दिनांक- 28 नवम्बर, 2017 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रदीप कुमार राय 28.11.2017
(प्रदीप कुमार राय)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।